भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2851

जिसका उत्तर 08.08.2024 को दिया जाना है

मक्खू में रेल उपरिपुल का निर्माण

2851. श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अमृतसर-भटिण्डा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-54 का निर्माण वर्ष 2017 में पूरा हो गया था परन्तु मक्खू में रेलवे समपार पर रेलवे उपरिपुल का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या उक्त पुल का निर्माण मार्च, 2016 में शुरू हुआ था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसके कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी, हाँ। राष्ट्रीय राजमार्ग-54 के अमृतसर-भठिंडा खंड के हरिक-जीरा-फरीदकोट खंड का निर्माण नवंबर 2017 में पूरा हो गया था। हालांकि, प्रस्तावित आरओबी स्थल पर भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण मक्खू टाउन में आरओबी का निर्माण स्थगित (डीस्कोप) कर दिया गया था।

(ख) और (ग) निर्माण-पूर्व गतिविधियाँ जैसे कि शेष भूमि का अधिग्रहण और सामान्य प्रबंध आरेख (जीएडी) का अनुमोदन हाल ही में पूरा किया गया है। 18 महीने की निर्माण अवधि के साथ आरओबी के निर्माण कार्य के लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं, जिनकी अंतिम तिथि 28 अगस्त, 2024 है।

*****